# मानव संग्रहालय में कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला का समापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला का रविवार को भव्य समापन हुआ। भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों की विशेष प्रस्तुति 'नृत्य साधना' के साथ किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



एक जून से 15 जून तक आयोजित कार्यशाला का निर्देशन प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित गुरु वनश्री राव ने किया। उनके साथ श्री वाशिम राजा ने सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कुचिपुड़ी नृत्य की मूलभूत तकनीकों, मुद्राओं, ताल-लय, भावाभिनय, अंग-संचालन और मंचीय प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर प्रस्तुत 'नृत्य साधना' कार्यक्रम कार्यशाला के दौरान अर्जित ज्ञान और अभ्यास का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा। प्रतिभागियों ने भगवान कृष्ण, भगवान शिव तथा भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं पर आधारित नृत्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। समूह और एकल प्रस्तुतियों में कुचिपुड़ी शैली की नाट्यधर्मिता, अभिव्यक्ति की गहराई और सौंदर्यबोध स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

संग्रहालय निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय कलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला हैं। ऐसी कार्यशालाएं नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय केवल विरासत संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि जीवंत सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का मंच भी है। गुरु वनश्री राव ने प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कुचिपुड़ी केवल नृत्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## मुख्यमंत्री ने कटनी में सड़क दुर्घटना पर किया दुख व्यक्त

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में लमतरा ब्रिज के पास हुई सड़क दुर्घटना में बस यात्रियों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने और दुर्घटना में घायल यात्रियों के समुचित इलाज और गंभीर रूप से घायल एक यात्री को 1 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति देने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजन के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की हैं।

# जल संरक्षण के लिए जनजागरण अभियान का आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जल गंगा संवर्धन मिशन के अंतर्गत रविवार को भोपाल में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से जनजागरण अभियान आयोजित किया गया। मिशन के 14वें दिन आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सिंधी मेला समिति के मुख्य संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, डॉ. प्रिया भावे चित्तावार तथा समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



वक्ताओं ने जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनभागीदारी को अभियान की सबसे बड़ी शक्ति बताया। यह कार्यक्रम नर्मदा मिशन परिवार, हर हेल्थ, डॉ. क्षमा धोड़पकर फाउंडेशन, रन फॉर हर, सेतु और सिंधी मेला समिति के सहयोग से आयोजित किया गया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन का आज अंतिम अवसर

**नप्र, भोपाल :** राज्य निर्वाचन आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने अथवा नाम हटवाने की प्रक्रिया में समय रहते भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का आज दोपहर 3 बजे तक अंतिम अवसर है।

सारिका घारू ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। उन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से तत्काल आवेदन करने का आग्रह किया। नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म ईआर-1, अपात्र या मृतक मतदाता का नाम हटाने के लिए फॉर्म ईआर-2 तथा नाम, पते या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म ईआर-3 निर्धारित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव तथा सचिव दीपक सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत युवाओं और महिला मतदाताओं को विशेष रूप से मतदान प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आयोग के अनुसार दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित है, जबकि अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रकाशन 18 जुलाई को किया जाएगा।

### वर्षा ऋतु में आपात स्थितियों से निपटने के लिए ....

# निगम ने स्थापित किए आपात नियंत्रण कक्ष

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु में तेज बारिश/आंधी अथवा बाढ़ जैसी आपात स्थितियों से निपटने तथा नागरिकों को त्वरित सहायता/राहत पहुंचाने हेतु मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष व केन्द्रीय कर्मशाला सहित जोन स्तरीय आपात नियंत्रण कक्षों की स्थापना करते हुए आपात नियंत्रण कक्षों की व्यवस्था हेतु अधिकारियों/ कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

मुख्य आपातकाल नियंत्रण कक्ष यातायात पार्क स्थित फायर ब्रिगेड मुख्यालय में संचालित किया जायेगा जिसके दूरभाष 0755-2542222, 2540220 एवं 2701401 रहेंगे। आपात नियंत्रण कक्ष 15 जून से अवकाश के दिनों सहित प्रतिदिन 24 घंटे कार्य करेंगे। फायर ब्रिगेड मुख्यालय यातायात पार्क में स्थापित मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष में फायर आफिसर सौरभ पटेल (मो.8103761342) को मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा है।

मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 0755-2542222, 2540220 एवं 2701401 रहेंगे जबकि केन्द्रीय कर्मशाला में भी एक कंट्रोल रूम रहेगा जिसके प्रभारी विजय गोयल प्रभारी केन्द्रीय कर्मशाला (मो. 7999830586) रहेंगे। मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष सहित अन्य आपात नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेंगे और इन आपात कक्षों में अलग-अलग पारियों में अधिकारियों/ कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

निगम के सभी जोन कार्यालयों में जोन स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये है जिसमें जोनल अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को तैनात करेंगे और आवश्यकतानुसार स्वच्छता प्रभारी एवं प्रभारी जलकार्य से समन्वय स्थापित कर अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएंगे।

आपात नियंत्रण कक्ष से संबंधित आदेश के अनुसार मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष में 04 जे.सी.बी. मशीने 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगी साथ ही फॉयर मेन, तैराक, गोताखोर, एमरजेंसी लाईट, डीवाटरिंग पम्प एवं फ्लेट लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। समस्त विभागाध्यक्ष विशेष रूप से अधीक्षण यंत्री (सिविल द्रव), स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निवेशक, प्रभारी अतिमण अधिकारी तेज वर्षा के समय मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क में रहेंगे। केन्द्रीय कर्मशाला में स्थापित आपात नियंत्रण कक्ष में 04 ट्रक और प्रत्येक ट्रक पर 05 मजदूर 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगे।

## मिट्टी की महत्ता पर हिंदी पुस्तिका का 16 जून को होगा विमोचन

**नप्र, भोपाल :** द नेचर वालंटियर्स सोसायटी द्वारा प्रकाशित एवं रामरतन सुमैया द्वारा लिखित हिंदी पुस्तिका 'आओ, मिट्टी की महत्ता जानें' का विमोचन 16 जून को शाम 4.30 बजे एपको पर्यावरण परिसर, अरेरा कॉलोनी में किया जाएगा। कार्यक्रम में एपको के कार्यकारी निदेशक सुधीर कोचर (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में पुस्तिका का लोकार्पण करेंगे। संस्था ने सभी पर्यावरण प्रेमियों को समारोह में आमंत्रित किया है।

संस्था के उपाध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने बताया कि 'पर्यावरण जागरण श्रृंखला' के अंतर्गत यह सातवीं पुस्तिका है। इससे पहले पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न विषयों पर छह पुस्तिकाएं प्रकाशित की जा चुकी हैं। सोसायटी अंग्रेजी पुस्तक 'बर्ड्स ऑफ भोपाल' का भी लोकार्पण कर चुकी है, जिसमें 312 पक्षी प्रजातियों के चित्र और विवरण शामिल हैं। पद्मश्री भालू मोंढे की अध्यक्षता वाली यह संस्था पिछले 30 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है।

# बाल संरक्षण को मजबूत बनाने के लिए सीडब्ल्यूसी सदस्यों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के 19 जिलों के बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के नवनियुक्त अध्यक्षों एवं सदस्यों के लिए आयोजित 13 दिवसीय आवासीय इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान (एसपीएनआईडब्ल्यूसीडी) द्वारा आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में किया गया।

एक से 13 जून तक आयोजित प्रशिक्षण में भोपाल, इंदौर, विदिशा, सीहोर, मंडला, डिंडोरी, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर सहित 19 जिलों के 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल संरक्षण तंत्र को अधिक संवेदनशील, प्रभावी और उत्तरदायी बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने किशोर न्याय अधिनियम-2015, बाल अधिकारों, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन



प्रक्रियाओं तथा बाल कल्याण समितियों की वैधानिक जिम्मेदारियों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी, बाल संरक्षण गृह, बालिका गृह, एसओएस चिल्ड्रेन विलेज और ओपन शेल्टर होम का अध्ययन भ्रमण भी कराया गया।

संस्थान द्वारा मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी के अंतर्गत बाल अधिकारों और संरक्षण से जुड़े मानव संसाधनों के क्षमता संवर्धन के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बैतूल स्थित निवास पर क्षेत्र के नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याओं, सुझावों और विभिन्न जनहित के विषयों पर विस्तार से चर्चा कर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री ने रेल दुर्घटना पर किया दुख व्यक्त

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुरैना जिले में हुई रेल दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेल हादसे में यात्रियों की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति देने की प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुरैना जिले के हेतमपुर स्टेशन के पास उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने जीवन रक्षा के उद्देश्य से ट्रेन से छलांग लगा दी। दुर्भाग्य से वे इस दौरान दूसरी पटरी पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

# जनकल्याण शिविरों में हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप पात्र हितग्राहियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा सोमवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

निगम के सभी जोन कार्यालयों तथा मुख्यालय अटल भवन स्थित नगर जनसेवा केंद्र में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। विशेष शिविरों के तहत मध्य विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 51 स्थित ए-सेक्टर सामुदायिक भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनकल्याण शिविर आयोजित होगा। वहीं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तात्या टोपे नगर स्थित सांदीपनि स्कूल परिसर में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक विशेष शिविर लगाया जाएगा।

नगर निगम के अनुसार 16 जून को भी विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरखेड़ा पठानी स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा उत्तर विधानसभा क्षेत्र के बरेला गांव स्थित रसूल अहमद सिद्दीकी कम्युनिटी हॉल में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे । इन शिविरों में नागरिक विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ पात्रतानुसार लाभ भी ले सकेंगे।

## योग साधना प्रशिक्षण शिविर का समापन

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने विधायकभगवानदास सबनानी की उपस्थिति में स्वास्थ्य योग साधना प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण शिविर के सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर एस.डी.एम श्रीमती अर्चना शर्मा रावत सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से मानवता की सच्ची सेवा की जा सकती है।

उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उप मुख्यमंत्री ब्रह्माकुमारी संस्थान, रीवा द्वारा आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित कर प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है और यह समाज के प्रति महत्वपूर्ण योगदान है। श्री शुक्ल ने कहा कि रक्तदान स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। शरीर रक्तदान के बाद कुछ ही दिनों में नए रक्त का निर्माण कर लेता है। नियमित रक्तदान से कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है।

# सृजन महासम्मेलन में सुरक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर जोर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित 'सृजन बालिका सुरक्षा महासम्मेलन' बच्चों और किशोरों की सुरक्षा को सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को स्वस्थ, शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक अवसर उपलब्ध कराना भी है।



इसी सोच के तहत सम्मेलन में सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई। महासम्मेलन में आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। संस्थान के लगभग 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 300 से अधिक किशोर-किशोरियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के अलावा पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, एनीमिया, व्यक्तिगत स्वच्छता और किशोर स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया और स्क्रीन टाइम के संतुलित उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। किशोरों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर अभिभावकों, शिक्षकों और चिकित्सकों से खुलकर संवाद करने की सलाह दी गई।

युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में आईटीआई, कौशल विकास संस्थानों और रोजगार विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, स्वरोजगार, स्टार्टअप अवसरों और शासन की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने उनकी रुचि और योग्यता के अनुरूप करियर चयन के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के बच्चों और युवाओं को सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और पुलिस विभाग की संयुक्त भागीदारी ने यह संदेश दिया कि बच्चों का सुरक्षित और सशक्त भविष्य समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। 'सृजन' अभियान सुरक्षा के साथ स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी के निर्माण का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आ रहा है।

## राज्य आनंद संस्थान द्वारा आज से ऑनलाइन अल्पविराम प्रशिक्षण

**नप्र, भोपाल :** राज्य आनंद संस्थान, मध्य प्रदेश द्वारा 15 जून से 19 जून तक 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से 7:30 बजे तक संचालित होगा।

प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय दोनों क्षेत्रों के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष, 45 से 60 वर्ष तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी पात्र हैं। कार्यक्रम के लिए कुल 100 सीटें निर्धारित हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक राज्य आनंद संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा।


